>

Title: Need to give wage arrears to the employee of Hindustan Copper Limited.

श्री अजय कुमार (जमशेदपुर): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद। मैं संक्षेप में अपनी बात कहूंगा। हमारे संसदीय क्षेत्र में एक हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड पब्लिक सैक्टर अंडरटेकिंग कम्पनी है। वहां की दो समस्याएं हैं। वहां के जिन इम्प्लाइज़ ने पन्द्रह साल पहले वीआरएस ली थी, क्योंकि माइन्स क्लोजर हुई थी, वे अपने वेज एरियर्स के लिए पिछले पन्द्रह सालों से लड़ रहे हैं। वे लोग हजारों की संख्या में हैं। उनमें से काफी लोग बीमारी, गरीबी के चलते मर गए हैं। हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड के इस केस को सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में लटका कर रखा हुआ है और वह यह सुनिश्चित करना चाहती है कि धीरे-धीरे सब लोग मर जाएं जिससे किसी तरह का कोई कम्पैनसेशन देने की आवश्यकता न हो। अफसोस की बात है कि जिस समय वेज सैटलमैंट हुआ था, उस समय हिन्दुस्तान कॉपर लॉस मेकिंग कम्पनी थी। अब वह काफी नफे में है। पिछले साल उसे 250 करोड़ के आसपास नफा हुआ। हमने काफी बार अनुरोध किया था, पिटीशन दिया था। मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि एचसीएल इस मामले का समाधान करे। एचसीएल के एक्स इम्प्लाइज के बच्चे भी उसी पीएसयू में पिछले पन्द्रह सालों से कौन्ट्रैक्ट लेबर के रूप में कार्य कर रहे हैं। अगर पीएसयू ही कांट्रैक्ट लेबर्स और बाकी सारे नियमो को तोड़ेगी तो अफसोस की बात है। मैं कहना चाहता हूं कि आपके माध्यम से सरकार को यह मैसेज दिया जाना चाहिए। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद।

सभापति महोदय : बहुत-बहुत धन्यवाद। आपने महत्वपूर्ण सवाल उठाया है।